Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006
Participants : Bisen Shri Gauri Shankar Chaturbhuj

>

Title : Need to continue Rashtriya Sam Vikas Yojna upto the year 2009 with a view to develop selected districts in Madhya Pradesh.

श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन (बालाघाट) : महोदय, भारत सरकार द्वारा देश के अत्यंत पिछड़े जिलों की पहचान कर उनके विकास की योजना बनायी गयी, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य के 10 जिलों को प्रथम चरण में सम्मिलित किया गया है। इस योजना का नाम राट्रीय समविकास योजना दिया गया। इसके अंतर्गत 15-15 करोड़ रूपया प्रत्येक चयनित जिलों को दिया गया एवं मार्गदर्शी दिशा निर्देशानुसार 45 करोड़ की कार्ययोजना बनायी गयी, जिससे बहुत अच्छे परिणाम आये हैं। इस योजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, जल संसाधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को सम्मिलित किया गया है। प्रथम चरण 2004 में प्रारंभ हुआ था। यह 2006 अंतिम र्वा है। चयनित जिलों का पूर्ण विकास नहीं हो पाया है। अतः पुनः 3 सालों के लिए पूर्व से चयनित जिलों में यह योजना 2007, 8, 9 के लिए प्रारंभ रखी जाये एवं 45-45 करोड़ का पुनः पैकेज राट्रीय सम योजनान्तर्गत दिया जाये।